अंतर्जनपदीय उत्तर प्रदेश पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता का पुलिस लाइन में हुआ आयोजन

श्रावस्ती 21 जुलाई (नि0टा0सं0)। जनपद में 21 से 24 जुलाई 2024 तक चलने वाली 72वीं अंतर्जनपदीय उत्तर प्रदेश पुलिस फुटबॉल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का पुलिस लाइन भिनगा में आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता की मेजबानी श्रावस्ती पुलिस द्वारा की जा रही है। जिसका शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे पुलिस लाइन फुटबॉल ग्राउंड में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, एसीजेएम विश्वजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह के उपरान्त जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, एसीजेएम व पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं बल्कि टीम भावना और अनुशासन को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएँ दी।

जिलाधिकारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन जनपद श्रावस्ती के लिए बड़े गौरव की बात है। इससे पुलिस विभाग के कर्मचारियों के साथ श्रावस्ती के युवाओं की खेल में रुचि बढ़ेगी, जिससे श्रावस्ती का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा सभी प्रतिभागी खेल को खेल भावना से खेले और एक दूसरे का सम्मान करें। आज के इस आयोजन का उद्देश्य खेल के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जनपद श्रावस्ती के विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता के आयोजनकर्ताओं व सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गयी।

पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ कर सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो टीम वर्क, रणनीति और धैर्य का संगम है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी भविष्य के उज्ज्वल सितारे हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को अपनी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ खेल में भाग लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा, जीतना महत्वपूर्ण है लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है खेल में भाग लेना और खेल भावना को बनाए रखना। मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि आप अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे और खेल की गरिमा को बनाए रखेंगे। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि 21 से 24.07.2024 तक पुलिस लाइन भिनगा में आयोजित होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता को ज्यादा से ज्यादा लोग देखने आए और फुटबॉल मैच का आनंद लेने के साथ–साथ खेल से जुड़े, जिससे श्रावस्ती जनपद का नाम आगे बढ़े। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के जनपदों की पुरुष वर्ग की 10 टीम व महिला वर्ग की 07 टीम प्रतिभाग कर रही हैं। पुरुष वर्ग की टीम जनपद बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, गोण्डा, गोरखपुर, श्रावस्ती, महराजगंज, संतकबीर नगर, देवरिया, बहराइच तथा महिला वर्ग की टीम जनपद बहराइच, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, कुशीनगर, श्रावस्ती, गोण्डा से प्रतिभाग कर रही हैं।

सावन के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत कांवड़ियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम

श्रावस्ती 21 जुलाई (नि0टा0सं0)। श्रावण मास का पहला सोमवार है, जनपद श्रावस्ती में कुल 06 ऐसे घाट है जहां से कांवड़ियों/श्रद्धालुओं द्वारा जल भरा जाता है तथा कुल 22 ऐसे मंदिर है जहां पर जलाभिषेक होता है। थाना सिरसिया क्षेत्र में स्थित बाबा विभूति नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं/कांवड़ियों द्वारा भारी संख्या में जलाभिषेक किया जाता है। इस अवसर पर शांति/सुरक्षा/यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु समुचित पुलिस प्रबंध किया गया है, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। 07 बैरियर बनाए गए हैं, 07 पार्किंग बनाई गई हैं, 06 मोबाइल पार्टी बनाई गई है। बाबा विभूति नाथ मंदिर व मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार व निकास पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। एक खोया पाया केंद्र भी बनाया गया है। कांवड़ियों/श्रद्धालुओं की आकस्मिक चिकित्सा हेतु एक रास्ते में सचल एंबुलेंस में कुशल चिकित्सकों की टीम लक्ष्मण नगर से विभूतिनाथ मंदिर तक भ्रमणशील अवस्था में रहेगी। तथा मंदिर परिसर में स्थाई चिकित्सकों की टीम में आवश्यक उपकरण के साथ मौजूद रहेगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु 04 निरीक्षक, 38 उपनिरीक्षक, 30 मुख्य आरक्षी, 72 आरक्षी, 30 महिला आरक्षी, 01 फायर टेंडर, 02 क्यूआरटी, 1.5 सेक्शन पीएसी तथा 01 प्लाटून फ्लड पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही मेला परिसर की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी भी होगी।